मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवा योजना
भौतिक शास्त्र एवं कृषि मौसम विज्ञान विभाग
जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर

वर्ष – 18 अंक –49 दिनांक: 17 से 21 दिसम्वर, 2008 दिनांक: 16.12.2008

पिछले सप्ताह का मौसम :–

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय की कृषि मौसम वेधशाला की गणना के आधार पर पिछले सप्ताह (10 से 16 दिसम्वर 2008) आसमान में हल्के से मध्यम दर्जे के बादल रहे तथा वर्षा दर्ज नहीं हुई। हवा पूरे सप्ताह अधिकांशतः सुवह के समय शांत तथा दोपहर के बाद विभिन्न दिशाओ की 0.6 से 2.1 किलोमीटर प्रति घंटा की रही। अधिकतम तापमान 25.2 से 31.2 डिग्री सेल्सियस के आसपास तथा न्यूनतम तापमान 6.9 से 11.4 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान औसत तापमान से 2.0 से 3.0 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। आपेक्षित आर्द्रता सुबह के समय 88.0 से 97.0 प्रतिशत् रही तथा दोपहर बाद 31.0 से 49.0 प्रतिशत् के आसपास रही। अभी तक 1 जनवरी से कुल 1398.7 मि. मी. वर्षा 46 वर्षा दिनों में तथा जून से अभी तक 1379.9 मि.मी. वर्षा 43 वर्षा दिनों में दर्ज हुई, जो कि यहाँ की आज तक की औसत वर्षा से 152.0 मि.मी. अधिक **है।**

इस सप्ताह का औसत मौसम :–

विगत वर्षो के मौसमी तत्वों की गणना के आधार पर इस सप्ताह (17 से 23 दिसम्वर) वर्षा का औसत 1.7 मि.मी. है। हवा 2.1 किलोमीटर प्रति घण्टा की गति से बहती है। अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस के आसपास तथा न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है।

आगामी पॉच दिनो का मौसम पूर्वानुमानः– **(आसमान साफ रहने तथा तापमान स्थिर रहने का पूर्वानुमान)**

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कृषि मौसम विज्ञान विभाग में स्थित मध्यम कालिक मौसम पूर्वानुमान केन्द्र को भारत सरकार के भारत मौसम विज्ञान विभाग भोपाल, से प्राप्त जानकारी के आधार पर जबलपुर तथा इसके आस–पास के क्षेत्रों में अगले पॉच दिनों में शुरू के दिनों में आसमान साफ रहने एवं वर्षा नही होने की संभावना है। हवा 4.0 से 6.0 किलो मीटर प्रति घंटे की गति से मुख्यतः पूर्व दिशा से चलने की संभावना है। अधिकतम तापमान 25.0 से 27.0 डिग्री सेल्सियस के आसपास तथा न्यूनतम तापमान 6.5 से 7.0 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूर्वानुमान है।

मौसमी तत्व /दिनाँक	17.12.2008	18.12.2008	19.12.2008	20.12.2008	21.12.2008
वर्षा (मि.मी.)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान (डि.से.)	25.0	25.0	24.8	26.5	23.5
न्यूनतम तापमान (ड़ि.से.)	6.0	5.6	5.9	5.3	6.5
बादलों की स्थिति	हल्के	साफ	साफ	साफ	साफ
आपेक्षित आद्रता (%)(सुबह)	53.0	48.0	54.0	66.0	67.0
आपेक्षित आद्रता (%)(शाम)	24.0	20.0	19.0	21.0	25.0
हवा की गति (कि.मी./घण्टा)	4.0	6.0	4.0	4.0	2.0
हवा की दिशा	पूर्व	पूर्व	दक्षिण	उत्तर–पूर्व	दक्षिण–पूर्व

अगले पॉच दिनों में मौसम के अनुमान को देखते हुए किसान भाईयों को निम्न कृषि कार्य करने की सलाह दी जाती है :

रबी एवं अन्य मौसमी फसलें	▪ वर्षा नहीं होने की संभावना है अतः पूर्व में बोयी गयी गेहूँ की फसल में विभिन्न क्रॉतिक अवस्थाओं मे आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। गेहूँ की फसल में सिचाई के बाद शेष यूरिया का छिड़काव आवश्कतानुसार करें। यूरिया का छिड़काव करते समय सावधानी रखें कि पौधो की पत्तियॉ गीली न हों। ▪ देर से बोई गयी रबी मौसम की विभिन्न फसलें जहॉ 20 से 30 दिन की अवधि की हो गयी है वहॉ पर नीदा नियंत्रण तथा आवश्यकतानुसार सिंचाई करें । ▪ गेहूँ की फसल में जहॉ खरपतवार निकालना संभव न हो सके तथा सकरी पत्ती वाली खरपतवारों की अधिकता हो वहॉ आइसो प्रोट्यूरान या मेटाक्सिरान 0.75 से 1.25 किलो सक्रिय तत्व नींदानाशक को 500 लीटर पानी में घोलकर समान रूप से छिड़काव करें। जहॉ चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों की अधिकता हो वहॉ पर खरपतवार नियंत्रण हेतु 2,4–डी. नामक दवा 500–750 मि.ली. 700–800 लीटर पानी मे घोलकर फसल की 30–35 दिनों की अवस्था में छिड़काव करें। ▪ इस समय तापमान अधिक है जो कि कीट व्याधि के लिए उपयुक्त है अतः पूर्व मे बोई गई फसल जैसे तोरिया चना, मसूर, अलसी, बटरी, एवं सरसों के खेतों का निरीक्षण कीट/व्याधि हेतु करते रहें तथा आक्रमण दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु कृषि विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं अथवा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिकों से तुरंत संपर्क करें । ▪ वर्तमान मौसम को देखते हुए चना की फसल मे इल्ली के आक्रमण की संभावना कहीं कहीं हो सकती है अतः इसके नियंत्रण हेतु क्लोरोफायरीफास 20 ई. सी. या इन्डोसल्फान 35 ई. सी. 1 लीटर दवा 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टर में अच्छी तरह छिड़काव करें । खेतों में जगह जगह "टी" आकार की खूंटी लगाएँ।
सब्जियाँ	▪ देर से बोए गयी आलू की फसल में मिटटी चढ़ाने का कार्य करें । ▪ मध्यम एवं देर से बोई जाने वाली पत्तागोभी, फूल गोभी गाजर मूली एवं प्याज की फसल लेने हेतु नर्सरी डालें एवं तैयार रोपणी का मुख्य खेत में रोपण करें। ▪ मटर की हरी फली तुड़ाई के पश्चात सिंचाई करें एवं 20 कि ग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से यूरिया का छिड़काव करें ▪ टमाटर, बैंगन एवं मिर्च में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें एवं तैयार फलों की तुड़ाई करें । ▪ सिचित क्षेत्रों में रोपित की गई सब्जियों मे नत्रजन की मात्रा का प्रयोग कर हल्की गुडाई करे। ▪ सब्जियों के खेतों का निरीक्षण करें एवं कीट प्रकोप होने पर इण्डोसल्फान 2.0 मिली. दवा प्रति ली. पानी मे घोलकर छिडकाव करें।
पशु एवं मुर्गी	▪ कम उम्र के पशुओं को रात्रि में ठण्ड से बचाव करें । इस हेतु हीटर अथवा बोरों के पर्दे लगावें, ताकि ठण्ड से कम उम्र के पशु पक्षियों को बचाया जा सके। ▪ दुग्ध उत्पादन बढाने हेतु साफ दाना, हरे एवं शुष्क चारे के मिश्रण के साथ खिलाये। इनके आहार में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, कार्वोहाइड्रेट वसा, विटामिनस, खनिज, लवण एवं एण्टीबायोटिक का समावेश करें ।

दिनांक : 16, दिसम्वर, 2008

(के.के.अग्रवाल)

नोडल आफीसर
मो. 09425163385

नोट : अधिक जानकारी के लिए फोन नं. 0761–2681719, 2353802 एवं कृषि प्रौधोगिक सूचना केन्द्र (निः शुल्क) नं. 1551 पर संपर्क करें। विश्वविद्यालय की बेब साइट www.jnkvv.nic.in पर भी यह जानकारी उपलब्ध है।

INTEGRATED AGROMET ADVISORY SERVICE PROJECT
DEPARTMENT OF PHYSICS & AGRO-METEOROLOGY
J. N. KRISHI VISHWA VIDYALAYA, JABALPUR (M.P.)

Bulletin No. 49   **17 to 21 December 08**   **Date: 16.12.2008**

Weather condition of last week (10 to 16 December 2008)

During this week sky was medium to partly to medium cloudy and no rainfall was received in this period. Average wind speed was calm during morning and blown in the range of 0.6 to 2.1 kmph from different direction in afternoon. Maximum temperature was ranged of 25.2 to 31.2°C, whereas minimum temperature was 6.9 to 11.4°C. Maximum and minimum temperature was 2.0 to 3.0°C higher than the normal temperature. Relative Humidity ranged from 88.0 to 97.0% in the morning and 31.0 to 49.0 % in the afternoon. Total rainfall w. e. f. 1st January till date is 1398.7 mm in 46 rainy days and from 1st June to till date is 1379.9 mm received in 43 rainy days which is 152.0 mm more than the normal rainfall.

Normal Weather condition for coming week: (17 to 23 December)

On the basis of long term averages, rainfall will be 1.7 mm in the week. Maximum and minimum temperatures are 25.2 °C and 9.1°C respectively. Average wind speed will be 2.1 Kmph.

Weather Forecast for next five days: (Cloudy Weather & No Rainfall)

On the basis of the forecast received from India Meteorological Department, Bhopal, and weather during next five days **(w.e.f. 17 December, 2008)** over Jabalpur region, sky will be clear and no rain is expected in this period. Maximum temperature will be in the range of 25.0 to 27.0 and minimum will be 6.5 to 7.0^{0}C. Winds will blow with an average speed of 2.0 to 6.0 kmph from East direction

Weather Forecast for next five days:

Date/Elements	17.12.2008	18.12.2008	19.12.2008	20.12.2008	21.12.2008
Rainfall (mm)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
Maximum Temperature (^{0}C)	25.0	25.0	24.8	26.5	23.5
Minimum Temperature (^{0}C)	6.0	5.6	5.9	5.3	6.5
Cloud Cover	Partial	Clear	Clear	Clear	Clear
Relative Humidity(%) Morn.	53.0	48.0	54.0	66.0	67.0
Relative Humidity(%) Eveni.	24.0	20.0	19.0	21.0	25.0
Wind Speed(Kmph)Morning	4.0	6.0	4.0	4.0	2.0
Wind Direction	East	East	South	North-East	South-East

On the basis of weather forecast, farmers are advices to take following field/ farm operations:

Rabi and others Seasonal Crops	➢ Forecast of cloudy weather in coming days there is chances of pod borer incidence in chickpea field. Farmers are advised to take suitable precautionary measures to control. ➢ Irrigation and weeding in chickpea crop at 35 to 40 days after emergence. ➢ Irrigation should be done in different critical stage of wheat crop. Top dressing of remaining half dose of Urea after irrigation in wheat. ➢ Hand weeding should be done in wheat after first irrigation. For chemical weed control of narrow leaves weed spraying of Isoproturan or Metaxiron @ 0.5 to 125 ml in 500 litre of water and for Broad leaves weed spraying of 2,4-D @ 500-750 ml a litre dissolve in 700-800 litre of water at

	30-35 days old crop. ➢ Regular survey for earlier sown linseed, lentil, mustard chickpea and other field ➢ Cleaning and repairing of the stores and bins to store the produce of different kharif crops seed after sun drying properly and before storage of seed spread neem leaves at the bottom of different storage structures.
VEGETABLES	➢ Earthling should be done in potato. ➢ Regular survey for inset and disease attack. Take precautionary measures to control it. ➢ Provide irrigation in Tomato, Chilly and Bringal etc. vegetable crops followed by weeding and application of fertilizers as per requirement. ➢ Top dressing of Urea @ 20 kg/ha after irrigation and after picking green pea pods. ➢ Fertilizer application and weeding is required in different sown vegetables.
ANIMAL HUSBANDRY & POULTRY	➢ Save calves from cold in night by protecting them gunny bags curtain and heater ➢ Provide clean and healthy feed to cattle mix with dry and green fodder and insure for enrich diet having protein, carbohydrate, fat, vitamins etc. to them ➢ Maintain light intensity in poultry farm to get optimum egg production.

Dated: 16 December, 2008

Nodal Officer
(K.K.Agrawal)